1. अशुद्ध अर्थयुक्त शब्द–युग्म है –

(1) प्रासाद = महल — प्रसाद = कृपा

(2) दारु = दवा — दारू = शराब

(3) निरा = निपट — नीरा = पेय विशेष

(4) नियत = नियुक्त — नीयत = भावना

2. 'जिसमें अपमान का भाव हो वह हँसी' के लिए उपयुक्त शब्द है –

(1) हास

(2) विनोद

(3) व्यंग्य

(4) उपहास

3. असंगत विलोमयुक्त विकल्प है –

(1) श्रीगणेश – इतिश्री

(2) शूर – वीर

(3) मसृण – रूक्ष

(4) अनिवार्य – निवार्य

4. 'अमृत' का पर्यायवाची नहीं है –

(1) पीयूष

(2) अमिय

(3) व्योम रस

(4) सुधा

5. आहुति – आहूत का सही अर्थ है –

(1) यज्ञ – हवन

(2) हवन – हवन सामग्री

(3) बुलाना – हवन सामग्री

(4) हवन सामग्री – बुलाया

6. निम्नलिखित में असंगत है --

(1) चंद्र के समान मुख = चंद्रमुख

(2) आप पर बीती = आपबीती

(3) जितना शीघ्र हो सके = अतिशीघ्र

(4) माल को ढोने वाली गाड़ी = मालगाड़ी



Scanned with CamScanner

7. 'पानी में आग लगाना' मुहावरे का सही भवार्थ है –

(1) सब कुछ मटियामेट कर देना।

(2) लोगों को चमत्कृत कर देना।

(3) गर्मी के कारण जलाशयों का सूख जाना।

(4) जहाँ झगड़ा होना असंभव हो, वहाँ झगड़ा करा देना।

8. किस विकल्प के शब्द क्रमशः 'कृपा' और 'महल' अर्थ के द्योतक हैं?

(1) प्रासाद – प्रसाद

(2) प्रसाद – प्रासाद

(3) आवास – आभास

(4) आभास – आवास

9. कौनसा शब्द 'कृश' का विलोम है?

(1) तनु

(2) उग्र

(3) स्थूल

(4) सूक्ष्म

10. असंगत विलोमता है –

(1) विख्यात – प्रख्यात

(2) स्याह – सफेद

(3) मैत्री – अमैत्री

(4) विधि – निषेध

11. किस विकल्प के सभी शब्दों में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

(1) उज्ज्वल, धीमान्

(2) क्रमशः, अभ्यागत

(3) मनस्वी, स्वत्व

(4) उल्लेख, उद्घाटन

12. 'मान' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है –

(1) विद्यमान

(2) विराजमान

(3) सम्मान

(4) यजमान



Scanned with CamScanner

13. भाववाच्य का उदाहरण है –
(1) चोर पकड़ा गया है
(2) डोली एक अमराई में उतारी गयी
(3) कपड़ा सिया जाता है
(4) वहाँ कैसे बैठा जायेगा

14. 'स्वार्थ' का विलोम शब्द है –
(1) कृतार्थ
(2) अन्यार्थ
(3) हितार्थ
(4) परमार्थ

15. वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द नहीं है –
(1) साथ अध्ययन करने वाला ब्रह्मचारी – सहाध्यायी
(2) एक लेखक के सभी ग्रंथों का प्रकाशन, एक जिल्द में – आत्मकथा
(3) जो मापा न गया हो – अमित
(4) एक ही प्रकार की पचास चीजों का संग्रह – पंचाशिका

16. किस अनेकार्थक शब्द के सभी अर्थ सही हैं?
(1) भूत – अतीत, राख
(2) दंड – जुर्माना, भूमि
(3) अंश – कंधा, भाग
(4) पक्ष – पंख, किनारा

17. शुद्ध शब्द है –
(1) तदुपरान्त
(2) धुरंदर
(3) चर्मोत्कर्ष
(4) श्रंगार

18. 'द्विज' शब्द का अर्थ नहीं है –
(1) ब्राह्मण
(2) दाँत
(3) दुबला
(4) पक्षी



Scanned with CamScanner

19. 'जिनकी आशा न की गयी हो।' वाक्यांश हेतु सार्थक शब्द है –

(1) आशातीत

(2) अप्रत्याशित

(3) असम्भव

(4) आशेतर

20. 'निषिद्ध' का विलोम है –

(1) विहित

(2) संलिप्त

(3) स्वीकृत

(4) प्रसिद्ध

21. 'हाथ' का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(1) पाणि

(2) हस्त

(3) दस्त

(4) दशन

22. 'नटों में श्रेष्ठ' हेतु उपयुक्त सामासिक पद है –

(1) नटवर

(2) नटेश्वर

(3) नरेश

(4) नराधीश

23. 'किए हुए उपकार को न मानने वाला' के लिए सार्थक शब्द है –

(1) कृतज्ञ

(2) कृतघ्न

(3) कृतार्थ

(4) कुलांगार

24. निम्नलिखित में 'सूर्य' का पर्यायवाची है –

(1) तरिणी

(2) मार्तण्ड

(3) केतु

(4) हिरण्य



Scanned with CamScanner

25. 'स्त्री + उपयोगी' की संधि है –
(1) स्त्र्युपयोगी
(2) स्त्रीपयोगी
(3) स्त्रियोपयोगी
(4) स्त्रुपयोगी

26. 'चतुष्पद – चतुष्पथ' का सही अर्थ है –
(1) चार पैरों वाला – चौराहा
(2) चौराहा – चौपाया
(3) चौथाई भाग – चौपाया
(4) चौपाया – चार मात्राओं वाला

27. कम खर्च करने वाले को कहते हैं –
(1) मक्खीचूस
(2) मिताई
(3) मितभोजी
(4) मितव्ययी

28. 'अपनी दशा, बुराई या दोष आदि को देखकर अनुत्साह, रूचि और खिन्नता' का भाव व्यक्त करने वाला सार्थक शब्द है –
(1) घृणा
(2) व्रीडा
(3) ग्लानि
(4) जुगुप्सा

29. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द नहीं हैं –
(1) झूठन
(2) सूजबूझ
(3) धोकाधड़ी
(4) अंधाधुंध

30. अशुद्ध वाक्य है –
(1) मेले में यात्रियों का ताँता बँधा था।
(2) गले में पराधीनता की बेड़ियाँ पड़ी हैं।
(3) कृषि हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है।
(4) जैन साहित्य प्राकृत में लिखा गया है।



Scanned with CamScanner

31. निम्नलिखित में कौनसा विवरण सही नहीं है?

(1) 'प्रेरणा' में 'प्र' उपसर्ग है।

(2) 'पर्याप्त' में 'परि' उपसर्ग है।

(3) 'अध्यात्म' में 'अधि' उपसर्ग है।

(4) 'अभ्यास' में 'अ' उपसर्ग है।

32. 'खरादी का काठ काटे ही से कटता है' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है –

(1) काम करने ही से समाप्त होता है।

(2) नक़द और अच्छी मज़दूरी देने से काम अच्छा होता है।

(3) एक को देखकर दूसरा बिगड़ता है।

(4) खाली आदमी बेकाम का काम किया करता है।

33. कौनसा शब्द स्वर संधि का उदाहरण है?

(1) पवित्र पो + इत्र

(2) नीरस

(3) पुरस्कार

(4) अंततोगत्वा

34. 'कार' प्रत्यय से निर्मित नहीं है –

(1) बेकार

(2) स्वर्णकार

(3) कुम्भकार

(4) नाटककार

35. कर्मधारय समास का उदाहरण नहीं है –

(1) सरासर

(2) छुटभैया

(3) कालीमिर्च

(4) भलामानस

36. 'मितभाषी' शब्द किस वाक्यांश के लिए उपयुक्त है?

(1) जो मीठा बोलता हो।

(2) जो बिना विचारे बोलता हो।

(3) जो कम बोलता हो।

(4) जो धीरे–धीरे बोलता हो।



Scanned with CamScanner

37. निम्नलिखित में पुष्प का पर्याय नहीं है –

(1) प्रसून

(2) सुमन

(3) किसलय

(4) कुसुम

38. 'हाथ कंगन को आरसी क्या' लोकोक्ति का निकटतम अभिप्राय है –

(1) हाथ में कंगन हो तो आरसी में क्या देखना।

(2) कंगन पहनने पर आरसी की आवश्यकता नहीं रहती।

(3) संपन्न व्यक्ति के लिए आरसी खरीदना आसान है।

(4) प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं।

39. 'जिसका अनुभव किया गया हो' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है –

(1) अनुभवयोग्य

(2) अनुभवी

(3) अनुभूत

(4) अनुभाव्य

40. 'अक्ष' शब्द का अर्थ नहीं है –

(1) धुरी

(2) पहिया

(3) पासा

(4) चावल

41. अशुद्ध शब्द है –

(1) स्वादिष्ठ

(2) वेतनिक

(3) ऐच्छिक

(4) कवयित्री

42. व्याकरणिक दृष्टि से कौनसा वाक्य शुद्ध नहीं है?

(1) बच्चा मातृभाषा को जीवन में कभी भूल नहीं पाता।

(2) भक्तगण से निवेदन है कि सपरिवार पधारने का कष्ट करें।

(3) सभा में लगभग इक्कीस लोग उपस्थित थे।

(4) गीता का उपदेश सबके लिए हितकर है।



Scanned with CamScanner

43. 'अति + उक्ति' की संधि है –

(1) अत्योक्ति

(2) अत्युक्ति

(3) अतियुक्ति

(4) अतिउक्ति

44. दैवीय या आंतरिक शक्ति के कारण विद्वान् होने के अर्थ में प्रयुक्त मुहावरे 'जीभ पर ———— बसना' रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त शब्द है –

(1) चण्डी

(2) लक्ष्मी

(3) सरस्वती

(4) दुर्गा

45. बहुव्रीहि समास का उदाहरण है –

(1) रसोईघर

(2) घुड़सवार

(3) पद्मनाभ

(4) यथाविधि

46. 'सु' उपसर्ग का उदाहरण नहीं है –

(1) स्वलय

(2) सूक्ति

(3) सौजन्य

(4) स्वस्थ

47. किस विकल्प में सभी शब्द 'पुत्र' के पर्याय हैं?

(1) तनय, नंदन

(2) अंगज, बल्लभ

(3) तरूण, आत्मज

(4) वत्स, प्रणेता

48. अशुद्ध वाक्य नहीं है –

(1) फल पका होना चाहिए।

(2) इस विषय की एक भी पुस्तकें नहीं हैं।

(3) हम देश के लिए जान पर कुर्बान हो जाएंगे।

(4) उसके मन की थाह का पता नहीं चलता।



Scanned with CamScanner

49. यण् स्वर संधि से निर्मित शब्द नहीं है –
(1) स्वाधीन
(2) स्वागत
(3) स्वस्ति
(4) स्वल्प

50. 'हमारी बिल्ली हमीं से म्याऊँ' लोकोक्ति का उपयुक्त भावार्थ है –
(1) प्रियजनों से मेलजोल बढ़ाना।
(2) मदद करने वालों का गुणगान करना।
(3) संकट के समय प्रियजन ही याद आते हैं।
(4) सहायता करने वालों को ही डराना–धमकाना।

51. Select the word closest in meaning from the given options.
'DISTINCT'
(1) Distrail
(2) Discreet
(3) Desecrate
(4) Discrete

52. Choose the antonym of:
'CONTRARY'
(1) In agreement
(2) Equal
(3) Same
(4) Undecided

53. O that I had wings!
Which of the following is the correct assertive of above?
(1) How I wish I had wings.
(2) I wished that I had wings.
(3) I wish I had wings.
(4) Had I but wings.



Scanned with CamScanner